समस्त पत्र–व्यवहार रजिस्ट्रार, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्या AF-42686 / सम्बद्धता / 2017

दिनांक 19/7/17

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

स्पीडपोस्ट / रजिस्टर्ड / व्यक्तिगत

सेवा में,

प्रबन्धक,
स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज,
कासिमपुर बिरूहा, सुलतानपुर रोड, लखनऊ।

महोदय,

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **विभिन्न** पाठ्यक्रमों में अस्थायी सहयुक्तता प्रदान करने विषयक किये गये महाविद्यालय के स्थलीय निरीक्षण का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पाठ्यक्रम में अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने के प्रयोजनार्थ कराये गये निरीक्षण में निरीक्षक मण्डल की आख्या की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में **कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 19.06.2017 के मद संख्या–15 द्वारा** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, कासिमपुर बिरूहा, लखनऊ को स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **बी0एस–सी0** (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित) **तथा बी0जे0एम0सी0 पाठ्यक्रमों में** सत्र 2017–18 से तीन वर्षों हेतु क्रमशः दो सेक्शन एवं एक सेक्शन सहित अस्थायी सहयुक्तता अधोलिखित शर्तों के अधीन प्रदान कर दी गयी है :–

1. समय–समय पर उ0प्र0 शासन व विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।
2. प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं का अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर उनके वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जायेगा।
3. महाविद्यालय की वेबसाईट पर प्राचार्य व प्रवक्ताओं का पूर्ण विवरण प्रत्येक दशा में अपलोड किया जायेगा।

कृपया तद्नुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीया
Bmishra
(डॉ0 भावना मिश्रा)
उप कुलसचिव (सम्ब.)

संख्या : / सम्बद्धता / 2017, दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
2. गार्ड फाईल।

उप कुलसचिव (सम्ब.)